दिनांक : 30.03.2025 समय : 07.10PM

आकाशवाणी, भोपाल

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में छिंदवाड़ा में महिलाओं द्वारा निर्मित महुआ बिस्किटों का किया उल्लेख।
- प्रदेश में जल गंगा सवंर्धन अभियान की हुई शुरूआत। तीन महीने के अभियान में वर्षा जल संचयन के लिये होंगे कई कार्यक्रम।
- उज्जैन का विक्रम विश्वविद्यालय अब सम्राट विक्रमादित्य के नाम से जाना जाएगा, मुख्यमंत्री ने की घोषणा।
- नव संवत्सर, नवरात्रि और चेटिचंड पर्व पर प्रदेश में हुए अनेक आयोजन।

-------

पीएम-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के श्रोताओं के साथ अपने विचार साझा किए। यह इस मासिक कार्यक्रम की 120वीं कड़ी थी। प्रधानमंत्री ने प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले को उल्लेख करते हुए कहा कि जिले में महुआ के फूलों से बिस्कुट बनाए जा रहे हैं। राजाखोह गांव की चार बहनों के प्रयासों के प्रयास से ये बिस्कुट काफी लोकप्रिय हो रहे हैं।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि वस्त्र अपशिष्ट यानी टेक्सटाइल वेस्ट की चुनौती पूरी दुनिया के लिए नई चिंता की एक बड़ी वजह बन गया है। श्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया का ऐसा तीसरा देश है, जहां सबसे ज्यादा टैक्सटाइल वेस्ट निकलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गर्मी के आते ही शहर-शहर, गांव-गांव पानी बचाने की तैयारी शुरू हो जाती है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि कई राज्यों में जल संचय से जुड़े कामों में नई तेजी आई है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हर साल की तरह इस बार भी कैच द रेन अभियान के लिए कमर कस ली गई है।

प्रधानमंत्री-महाराष्ट्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि निर्धनतम लोगों को सर्वोत्तम इलाज उपलब्ध कराना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा है कि आयुष्मान भारत स्कीम के तहत करोड़ों लोग मुफ्त इलाज की सुविधा ले रहे हैं। श्री मोदी ने आज महाराष्ट्र में नागपुर में माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखते हुए कहा कि जन औषधि केन्द्रों पर गरीबों और मध्य वर्ग के लोगों को सस्ती दवाएं मिल रही है।

श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता देशभर में निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे हैं। 1925 में नागपुर में डॉ. केशव हेडगेवार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस वर्ष गुढ़ी पड़वा के अवसर पर अपनी शताब्दी मना रहा है।

इससे पहले, श्री मोदी ने दीक्षाभूमि जाकर संविधान निर्माता डॉ. बी. आर. अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री स्मृति मंदिर भी गए, जहां उन्होंने संघ के संस्थापक डॉ. केशव हेडगेवार और गुरुजी के नाम से प्रसिद्ध माधवराव गोलवलकर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

नववर्ष-प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज हिन्दू नववर्ष और गुड़ी पड़वा के अवसर पर उज्जैन में क्षिप्रा के तट पर पूजा की। मुख्यमंत्री चेटीचंड पर्व पर निकाली गई शोभा यात्रा में भी शामिल हुए।
प्रदेश के जिला मुख्यालयों में नव संवत्सर की शुरुआत सूर्योपासना के साथ की गई। मैहर जिले के एकलव्य आदिवासी आवासीय विद्यालय में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। आगरमालवा जिले में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये है। आज सीहोर विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ के अवसर पर सूर्योपासना कार्यक्रम में जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए। नीमच में चैत्र प्रतिपदा नवरात्रि पर कई स्थानों पर विभिन्न संस्थानां ने नीम, मिश्री एवं कालीमिर्ची का वितरण किया। मां भादवा माता के दरबार में कई लोगों ने दर्शन किए। पन्ना में पद्मावती देवी मंदिर ओर भगवान जुगल किशोर मंदिर मे भक्तों की भीड़ पूजा अर्चना कर रही है। सीहोर के सलकनपुर मंदिर, देवास में टेकरी पर स्थित देवी मंदिरों, उज्जैन के हरसिंद्धी माता मंदिर सहित कई देवी मंदिरों में नौदिवसीय पर्व की आज से शुरुआत हुई।

विक्रम विश्वविद्यालय

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में आज विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन का 29वां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और हार्टफुलनेस संस्था के संस्थापक कमलेश पटेल को विश्वविद्यालय द्वारा डी-लिट की मानद

उपाधि प्रदान की गई। साथ ही 70 विद्यार्थियों को उपाधि, 99 को मेडल और 2 शोधार्थियों को डी-लिट उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि विक्रम विश्व विद्यालय अब सम्राट विक्रमादित्य के नाम से जाना जाएगा। माधव विज्ञान महाविद्यालय के परिसर में शीघ्र ही विशाल सभागार बनाया जाएगा।

जलगंगा संवर्धन

प्रदेश में आज से 30 जून तक चलने वाले जलगंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत हुई। सीहोर में नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा तथा जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने किया। इस मौके पर उन्होने सीवन नदी में श्रमदान किया। वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने के इस महा अभियान का आज आगर मालवा जिले में बाबा बैजनाथ धाम स्थित बाणगंगा नदी पर सामूहिक श्रमदान के साथ शुभारम्भ हुआ। नीमच जिले की सभी 243 ग्राम पंचायतो में अभियान प्रारम्भ हुआ। अभियान अंतर्गत सभी पंचायतों में श्रमदान व जनभागीदारी से संरचना का गहरीकरण कार्य प्रारम्भ हुआ। सतना जिले में जनपद पंचायत नागौद की ग्राम पंचायत दुर्गापुर के ग्राम गोरा से अभियान शुरु हुआ। कटनी शहर के मसुरहा घाट पर साफ- सफाई के साथ जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान आरंभ हुआ। अशोकनगर में कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ जिलेभर में किया गया। डिंडौरी के नर्मदा डेम घाट में अभियान के शुभारंभ पर सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते उपस्थित रहे। खरगोन में कुंदा नदी के किनारे गणेश मंदिर के पास जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ किया गया। इसी तरह देवास, शिवपुरी सहित अन्य जिलों से इस तीन माह के अभियान के शुभारंभ होने के समाचार मिले है।

विक्रमोत्सव-2025

राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री डॉ. अर्जुनराम मेघवाल आज उज्जैन में विक्रमोत्सव-2025 में शामिल हो रहे हैं। साथ ही वीर भारत संग्रहालय का भूमि-पूजन, रूद्र सागर में लाइट एंड साउंड शो का शुभारंभ और सम्राट विक्रमादित्य हैरिटेज होटल का लोकार्पण भी किया जा रहा है।

मौसम

प्रदेश में अगले महीने के शुरुआत में कई जगहों पर बारिश और आंधी चलने की संभावना है। कुछ इलाकों में ओले गिरने के भी आसार है। मौसम विभाग ने 1 और 2 अप्रैल को भोपाल, इंदौर, जबलपुर, नर्मदापुरम समेत प्रदेश के पूर्वी हिस्से रीवा, शहडोल संभाग में बारिश की संभावना जताई है। जबकि कुछ जिलों में ओले गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से

आंधी भी चल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से मौसम बदल सकता है। इस बीच प्रदेश में आज भी कई जगहों पर तापमान 35 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। सर्वाधिक तापमान नर्मदापुरम में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

गेंहू उपार्जन

मौसम विभाग द्वारा प्रदेश में आगामी दिनों असामयिक वर्षा होने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। इसे देखते हुए अभी तक उपार्जित गेहूँ की सुरक्षा के निर्देश जारी किए है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस तरह के प्रयास करें कि किसी भी उपार्जन केन्द्र पर वर्षा से गेहूँ भीगना नहीं चाहिए। अभी तक प्रदेश में 7 लाख 98 हजार 461 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। इसमें से 6 लाख 96 हजार 625 मीट्रिक टन का परिवहन एवं भण्डारण हो चुका है।

समाचार संक्षेप में :-

- आईपीएल क्रिकेट में आज डेल्हि कैपिटल्स ने सनराइर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हरा दिया है। डेल्हि कैपिटल्स ने 164 रनों का लक्ष्य 3 विकेट खोकर 16 ओवर में प्राप्त कर लिया।
- आईपीएल के एक अन्य मैच में अब से कुछ देर बाद राजस्थान रॉयल्य और चैन्नई सुपर किंग्स के बीच गुवाहाटी में मुकाबला होगा। चैन्नई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है।
- खंडवा हजूर साहिब नांदेड़ से चलकर निजामुद्दीन के बीच चलने वाली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का ठहराव अब खंडवा स्टेशन पर भी होगा।

......................................